## अपवर्ड मूवमेंट हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश

1. केवल वह ही अभ्यर्थी जिन्होंने आवंटित अध्यापक शिक्षा संस्थान में सफलतापूर्वक रिपोर्टिंग कर दी है व अपनी प्रोविजनल प्रवेश स्लिप पोर्टल से प्राप्त कर ली है, अपवर्ड मूवमेंट हेतु पात्र है।

2. अभ्यर्थी द्वारा उपलब्ध अपवर्ड मूवमेंट के लिये दिनांक 03-07-2026 से 04-07-2026 तक ऑनलाईन आवेदन करना है।

3. अपवर्ड मूवमेंट हेतु अभ्यर्थी सर्वप्रथम वेबसाइट पर उपलब्ध अपवर्ड मूवमेंट लिंक पर क्लिक करें तत्पश्चात अभ्यर्थी आवश्यक जानकारी भरकर पोर्टल पर लॉगिन करें।

4. लॉगिन के उपरांत अभ्यर्थी अपवर्ड मूवमेंट हेतु सहमति प्रदान करते हुए रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओ टी पी सबमिट करें। सहमति प्रदान करने के उपरांत अपवर्ड मूवमेंट हेतु आवेदन सबमिट करें।

5. **अपवर्ड मूवमेंट हेतु अभ्यर्थी के द्वारा काउंसलिंग के समय चुने गए अध्यापक शिक्षा संस्थान, चुने गए जिलों के अध्यापक शिक्षा संस्थानों के विकल्पों पर ही विचार किया जाएगा** Any Where in Rajasthan **पर विचार नहीं किया जाएगा।**

6. अपवर्ड मूवमेंट उपरान्त परिणाम दिनांक 07-07-2026 को घोषित किया जाएगा।

7. अपवर्ड मूवमेंट के उपरान्त नवीन अध्यापक शिक्षा संस्थान आवंटित होने की स्थिति में अपवर्ड मूवमेंट से पूर्व आवंटित अध्यापक शिक्षा संस्थान का आवंटन स्वतः ही निरस्त हो जायेगा एवं अभ्यर्थी की पूर्व में आवंटित किये गये अध्यापक शिक्षा संस्थान की सीट पर दावेदारी स्वीकार नहीं की जाएगी।

8. अपवर्ड मूवमेंट के उपरान्त आवंटित अध्यापक शिक्षा संस्थान में दिनांक 07-07-2026 से 09-07-2026 तक व्यक्तिशः रिपोर्टिंग करना अनिवार्य है। **व्यक्तिशः रिपोर्टिंग नहीं करने की स्थिति में अथवा रिपोर्टिंग के समय अभ्यर्थी से सम्बंधित समस्त आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में अभ्यर्थी का सीट आवंटन निरस्त कर दिया जायेगा एवं उचित कार्यवाही की जाएगी।**

9. अपवर्ड मूवमेंट के उपरान्त नया अध्यापक शिक्षा संस्थान आवंटित नहीं होने की स्थिति में पूर्व में आवंटित अध्यापक शिक्षा संस्थान जिस पर अभ्यर्थी ने स्वयं उपस्थित होकर रिपोर्टिंग की थी वही अध्यापक शिक्षा संस्थान आवंटित रहेगा। पुनः फीस भरने की आवश्यकता नहीं है।

**समन्वयक**
प्री डी.एल.एड. परीक्षा 2026